# जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय

(सम्बद्ध – दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर)
बाँसगाँव, गोरखपुर – 273403 (उ.प्र.)


पत्रांक :........................ दिनांक : 29.05.24

सेवा में

श्रीमान् कुलसचिव
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**विषय–महाविद्यालय में रिक्त पदों के विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि महाविद्यालय मेंप्राचार्य के रिक्त प्रवक्ता पद पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है, जो निम्नवत् है–

| आवश्यकता है |
| --- |
| जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बांसगांव, गोरखपुर में **प्राचार्य एक पद** की।<br>यू0जी0सी0/ दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर के परिनियमावली के निर्धारित मानकों एवं शर्तो के अधीन अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें।<br>प्रबन्धक<br>मो0नं0–9935116990 |
| **समाचार पत्र का नाम व दिनांक** |
| **स्वतंत्र चेतना एवं आज : दिनांक 29.05.2024** |

अतः श्रीमान जी से विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त रिक्तियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

विजय सिंह
प्रबन्धक
प्रबन्धक
जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाँसगाँव, गोरखपुर


: www.jlncollege.org
: e-mail : principal_bansgaon@yahoo.com
: 05521-230890, 9935116990

स्वतन्त्र चेतना 29 मई 2024

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता को प्रचार करने पर दी धमकी, केस

- बेलीपार इलाके के रहने वाले विनय सिंह विन्नू, पुलिस कर रही जांच
- एक नंबर से फोन आया और फिर फोन करने वाले प्रचार करने पर जान से मारने की धमकी दी

अपराध संवाददाता
स्वतन्त्र चेतना

गोरखपुर। बेलीपार के मेहरौली निवासी व सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनय सिंह विन्नू को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। आरोप है कि अनजान नंबर से फोन करने वाले ने पार्टी का प्रचार न करने की धमकी दी है। पुलिस अज्ञात आरोपी पर धमकी का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, विन्नू सिंह ने केस दर्ज कराया है। विन्नू ने दी तहरीर में लिखा है कि वह समाजवादी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। सोमवार की रात में उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाला गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। बोला कि आप अपनी पार्टी का प्रचार बंद कर दें। अगर विपक्ष का आलोचना करोगे तो मार दिए जाओगे। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# पटौदी के पड़ोसी बने भरत और गौरी, बाड़े में लगा एसी

अपराध संवाददाता
स्वतन्त्र चेतना

गोरखपुर । शहीद अशफाक उल्ला खा प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में आए बब्बर शेर भरत और शेरनी गौरी को बाड़े में रख दिया गया। ये दोनों पहले से मौजूद बब्बर शेर पटौदी के पड़ोसी बने है। नये साथी को देखकर पटौदी ने मंगलवार को दिनभर दहाड़ लगाई। वहीं इटाव सफारी पार्क से आए भरत और गौरी गर्मी की वजह से दोपहर में हाफने लगे। इसे देखकर चिड़ियाघर प्रशासन ने उनके बाड़े में एसी लगाई। इसके बाद से उन्हें राहत मिली। अभी तक उन्हें क्वारंटीन सेल में रखा गया था।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव संजय श्रीवास्तव के निर्देश पर केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की अनुमति के बाद बब्बर शेर और शेरनी को 24 मई को चिड़ियाघर गोरखपुर लाया गया था। चिड़ियाघर के मुख्य वन्यजीव चिकित्सक डा. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि पटौदी बीते तीन वर्ष से यहां पर है। इसलिए वह यहा के मौसम के अनुरूप ढल चुका है। गर्मी के समय उसके बाड़े में दो कूलर लगाने के बाद उसे गर्मी से राहत मिल जाती है। लेकिन यह दोनों अभी बाहर से आए है। यहां के मौसम में ढलने में इन्हें समय लगेगा। क्वारंटिन सेल से बाड़े में ले जाने के बाद दोनों दोपहर के समय हाफने लगे। गर्मी की वजह से उनकी तबीयत न खराब हो इसलिए एसी की व्यवस्था की गई है। एसी व कूलर लगने के बाद उन्हें राहत मिली है। वह आराम से अपने बाड़े में बैठ रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का किया स्वागत

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। रुद्रपुर देवरिया में चुनावी सभा में भाग लेने के लिए दिल्ली से गोरखपुर एयरपोर्ट पर आए राहुल गांधी का डॉ सुरहीता करीम के नेतृत्व में महानगर अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष तौकीर आलम, निर्मला गुप्ता, सत्येंद्र निषाद, प्रणव उपाध्याय सहित दर्जन पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का स्वागत कर अभिनंदन किया।हालाकि राहुल गांधी का कार्यक्रम गोरखपुर एयरपोर्ट पर कुछ ही देर के लिए ही था उसके पश्चात हेलीकॉप्टर से दोपहर के समय विधानसभा रुद्रपुर के लिए रवाना हो गए। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी का आगमन चार्टर प्लेन से दोपहर 1बजे हुआ। पहले से राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक दल एयरपोर्ट दोपहर के समय खड़ा रहा।

# सुरक्षा को लेकर चिंतित परिवार, पुलिस से मदद की गुहार

अपराध संवाददाता
स्वतन्त्र चेतना

गोरखपुर। फतेपुर गांव में बुजुर्ग दंपति की हुई हत्या के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिवार सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है तथा डरा सहमा हुआ है वे पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे है।

बता दें कि रविवार की रात देवानंद नाम के नशेड़ी पुत्र ने अपने 75 वर्षीय पिता राजपति व 73 वर्षीय माता मुराती देवी को मध्य रात्रि में नल के हत्थे से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे मां की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता की एक अस्पताल में मौत हो गई।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।शवों को दिया गया गंगालाभ- मृतक दंपति की पोस्टमार्टम के पश्चात शवों को देर शाम परिजनों को सुपुर्द किया गया।परिजनों ने बताया कि मृतक साधू समाज से ताल्लुक रखते थे, चूंकि उनकी सामान्य मौत नहीं हुई थी इसलिए उन्हें गंगालाभ दिया गया,यदि सामान्य मौत होती तो उन्हें दफन किया गया होता। परिजन दो लोगों के खोने से काफी सदमें हैं तथा सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है।उन्होंने बताया कि वह अपने मां बाप की हत्या कर चूका है इसलिए अब किसी की भी हत्या कर सकता है। पुलिस ने सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नही किया है।परिजनों का कहना है कि जबतक हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तबतक प्रभावी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। हत्यारे देवानंद की पत्नी चंदा ने बताया कि हत्या वाली रात यदि वह मुझे पा गया होता तो वह मुझे भी मार चूका होता लेकिन दूसरे के घर होने की वजह से मैं बच सकी।उसने बताया कि तीन तीन बच्चों के परवरिश को लेकर परेशान हूं उनकी शिक्षा से लगायत शादी ब्याह तक कैसे निर्वहन होगा यह चिंता सता रही है।जब तक सास ससुर जिवित थे उनका सहारा

# स्वच्छता की ... बांटी गयी



स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। माहवारी स्वच्छता दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रेरणा श्री सभागार में स्वास्थ्य विभाग ने परिचर्चा का आयोजन किया । जिला महिला अस्पताल के किशोरी परामर्श केंद्र में किशोरियों को मासिक स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया । दोनों आयोजनों के दौरान माहवारी स्वच्छता के बारे में चर्चा के साथ साथ जनजागरूकता के उद्देश्य से सेनेटरी नैपकीन भी बांटी गयी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्देश्य मासिक धर्म संबंधित मिथकों और भ्रांतियों को दूर करना है। प्रेरणा श्री सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंग


**आवश्यकता है**

जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांसगांव, गोरखपुर में **प्राचार्य एक पद** की। यू.जी.सी. / दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर के परिनियमावली के निर्धारित मानकों एवं शर्तों के अधीन अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 दिनों के अंदर आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो.नं.– 9935116990

**आवश्यकता है**

**विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान** रहमत नगर, मानीराम, गोरखपुर ... यू०जी०सी०, एन०सी०टी०ई, उ०प्र० शासन एवं दी०द०उ० गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के परिनियमावली द्वारा निर्धारित योग्यताधारी **प्राचार्य पद** की बायोडाटा, फोटो एवं समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वहस्ताक्षारित छाया प्रति के साथ 21 दिन के अन्दर संस्थान में आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो.नं.– 9415212560

# र दीवानी न्यायालय की प्रतिज्ञा सभा

न्यायालय कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं के निराकरण एवं अपनी मांगो को पूर्ण कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश शासन के ध्यानाकर्षण हेतु आगामी जुलाई माह के प्रथम रविवार यानि 07 जुलाई 2024 को को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निकट हनुमान मन्दिर में एक ार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के सभी जनपद के कर्मचारीगण सम्मिलित होंगे। संयुक्त प्रतिज्ञा सभा की अध्यक्षता ुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री चन्द्र ूषण सिंह ने किया। प्रतिज्ञा सभा में ीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, 0प्र0 के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री जयेश ुमार मिश्र व प्रांतीय संयुक्त सचिव ी महेश्वर किशोर सिंह, प्रशासनिक ाधिकारी श्री प्रेम प्रकाश सिंह, प्रधान हायक श्री गिरिजेश कुमार पाण्डेय, न्द्रिय नाजिर श्री विधान चन्द्र ीक्षित, तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घ, गोरखपुर के अध्यक्ष श्री श्रवण मार मिश्र, उपाध्यक्ष श्री दिवाकर ह गौतम, सचिव श्री रामायन सिंह ादि दोनो संघो के पदाधिकारीगण ं जनपद न्यायालय के समस्त र्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जेष्ठ माह के प्रथम मंगल को हुआ हनुमान चालीसा एवं विशाल भंडारे का आयोजन

गोरखपुर,२८ मई। एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के संरक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में एवं महिला रेल कर्मचारी पांडेय, ध्रुव श्रीवास्तव,डॉ सुरेश ,डॉ संजयन त्रिपाठी , भानु मिश्रा, समाज सेवी सुधा मोदी, त्रिभुवन तिवारी , श्रद्धालुओं ने भंडारे का आनंद उठाया कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती प्रियम्बदा त्रिपाठी, कुमकुम



संगठन के तत्वाधान में जेष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय के निकट भव्य भंडारा एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वन मंत्री श्री अरुण कुमार , महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव , भाजपा कार्य समिति के सदस्य राहुल श्रीवास्तव , पूर्व महापौर डॉ सत्या निर्मला दिवेदी, विशेष रूप से उपस्थित रहे । भजनों की शृंखला में भजन गायक नंदू मिश्रा ,राकेश उपाध्याय , मनोज मिश्र मिहिर , अंशुमान शुक्ला , विजय जायसवाल , डॉ अमर चन्द्र, अंजना लाल, दिव्या एवं के एल शुक्ला आदि कलाकारों ने हनुमान जी के भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर लगभग तीन हजार श्रीवास्तव, अंजना लाल, दीप शिखा, मृदुला , काशी नरेश चौबे ,राजेश गर्ग ,बाबू राम ,अशोक श्रीवास्तव ,नितेश शुक्ला, शिवेश चतुर्वेदी राकेश गुप्ता का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम का सफल संचालन शिवेंद्र पांडे ने किया , वाद्य यंत्रों पर अमर चंद्र श्रीवास्तव,बंटी बाबा , अहमद ने किया


## म्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
र प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
सूरजकुण्ड, बी-60, गोरखपुर

## आवश्यक-सूचना

र्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवास एवं विकास परिषद की शाहपुर ी-2/3 गोरखपुर में मध्यम आय वर्ग सं. बी-159 श्री छबिलाल यादव पुत्र राजकुमार यादव को आवंटन पत्र सं. (1)/सं.प्र./दिनांक-06-07-1985, संशोधित पत्र सं. 971/स.प्र./दिनांक 08-1985 द्वारा प्रदिष्ट है जिसका ीड डीड इन्हीं के पक्ष में दिनांक 04-2004 को निष्पादित है। श्री ाल यादव ने अपने जीवनकाल में पत्नी श्रीमती कैलाशी देवी के पक्ष में भवन हेतु वसीयतनामा दिनांक -2011 पंजीकृत किया है। ीमान में श्री छबिलाल यादव की मृत्यु 13-04-2011 को हो जाने की के साथ श्रीमती कैलाशी देवी पत्नी छबिलाल यादव उक्त सम्पत्ति सं. बी- का नामांतरण अपने पक्ष में कराना है।

द किसी भी हितबद्ध व्यक्ति को उक्त

## आवश्यकता है

जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांसगांव गोरखपुर में प्राचार्य एक पद की। यू.जी.सी./दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर के परिनियमावली के निर्धारित मानकों एवं शर्तों के अधीन अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 दिनों के अंदर आवेदन करें।

प्रबंधक
मो. नं. 9935116990

## आवश्यकता है

**विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान** रहमत नगर, मानीराम, गोरखपुर में यू.जी.सी., एन.सी.टी.ई., उ.प्र. शासन एवं दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर की परिनियमावली द्वारा निर्धारित योग्यताधारी प्राचार्य पद की। बायोडाटा, फोटो एवं समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति के साथ 21 दिन के अन्दर संस्थान में आवेदन करें।

प्रबन्धक-मो. नं.-9415212560

## पं0 जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज, बाँसगाँव, गोरखपुर

सूचना

विद्यालय के प्रबन्धकारिणी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता है विद्यालय प्रबन्ध समिति का आगामी चुनाव दिनांक 16.06.2024 दिन रविवार को पं0 जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज, बाँसगाँव, जनपद गोरखपुर के प्रांगण में सम्पन्न होगा, जिसमें आप सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

| क्र.सं. | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | नामांकन पत्र वितरण | 16.06.2024 | पूर्वाहन 10 बजे से 10.30 बजे तक |
| 2. | नामांकन पत्र दाखिल किया जाना | 16.06.2024 | पूर्वाहन 10.30 बजे से 11.00 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की जाँच | 16.06.2024 | 11.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी | 16.06.2024 | अपरान्ह 12.00 बजे से 12.30 तक |